# आपूर्तिकर्ता आचार संहिता

**सितंबर 2021**



Classification: Confidential

# विषय सूची

परिचय ... 3
**श्रम अधिकार** ... 5
स्वास्थ्य और सुरक्षा ... 5
श्रम अधिकार ... 5
आधुनिक दासता ... 5
बाल श्रम और किशोर कार्य ... 6
कार्य करने की स्थितियाँ ... 7
संगठन बनाने और सामूहिक लेनदेन की स्वतंत्रता ... 7
भेदभाव ... 8
उत्पीड़न ... 8
समुदायों के साथ जुड़ाव ... 9
सुरक्षा कर्मियों का उपयोग ... 9
संघर्ष क्षेत्र के खनिज पदार्थ ... 10
**सत्यनिष्ठा के साथ काम करना** ... 11
रिश्वत और सुगमता के लिए भुगतान ... 11
उपहार और आतिथ्य ... 11
हितों का टकराव ... 12
**पर्यावरण का सम्मान** ... 13
पर्यावरण ... 13
**निष्पक्ष व्यापार व्यवहार** ... 14
बौद्धिक संपदा और गोपनीयता ... 14
सूचना सुरक्षा ... 14
डेटा की गोपनीयता ... 15
प्रतिस्पर्धा कानून ... 15
निर्यात नियंत्रण और प्रतिबंध ... 15



Classification: Confidential

## परिचय

अक्षय ऊर्जा समाधानों में वैश्विक नेता बनने के हमारे मिशन में वेस्टास के आपूर्तिकर्ता एक केंद्रीय भूमिका निभाते हैं, और हम नैतिकता और जिम्मेदारी से व्यापार करने की उनकी प्रतिबद्धता पर भरोसा करते हैं। हम पूरे विश्व में आपूर्तिकर्ताओं के साथ काम करते हैं जो हमारे जैसे मूल्य और सत्यनिष्ठा से व्यवसाय करने में हमारे जैसा समर्पण रखते हैं।

वेस्टास में, हम जो कुछ भी करते हैं उसमें संवहनीयता को संघटित करते हैं। इस परिकल्पना के हिस्से के रूप में, हम कार्बन उत्सर्जन को कम करने से लेकर, यह सुनिश्चित करने के लिए कि हम अपने वैश्विक परिचालनों में समावेशी और निष्पक्ष ऊर्जा संक्रमण का नेतृत्व करते हैं, कई प्रमुख क्षेत्रों में अपने संवहनीयता प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए समर्पित हैं। हम अपने आपूर्तिकर्ताओं तक इस अपेक्षा का विस्तार करते हैं और अपने साझा संवहनीयता  प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए अपने आपूर्तिकर्ता समूह का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

यह आवश्यक है कि वेस्टास के आपूर्तिकर्ता व्यापार करते समय इस आपूर्तिकर्ता आचार संहिता (आपूर्तिकर्ता संहिता) का सम्मान और अनुपालन करें।

**दायरा**

आपूर्तिकर्ता संहिता वेस्टास के सभी आपूर्तिकर्ताओं पर लागू होती है। इस आपूर्तिकर्ता संहिता के प्रयोजनों के लिए, 'आपूर्तिकर्ता' आपूर्तिकर्ताओं, उप-ठेकेदारों, एजेंटों, सलाहकारों और उनके संबंधित सहयोगियों को संदर्भित करता है जो वेस्टास को सामान और/या सेवाएँ प्रदान करते हैं।

**मानक**

वेस्टास 2009 से संयुक्त राष्ट्र (यूएन) ग्लोबल कॉम्पैक्ट के हस्ताक्षरकर्ता रहे हैं और हम व्यापार और मानवाधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र के मार्गदर्शक सिद्धांतों के लिए प्रतिबद्ध हैं। तदनुसार, हम सभी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त मानवाधिकारों का सम्मान करते हैं, जिसमें मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा और अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) के मौलिक सिद्धांतों और काम के दौरान अधिकार की घोषणा शामिल है। इसके अलावा, वेस्टास जिम्मेदार व्यावसायिक आचरण के लिए बहुराष्ट्रीय उद्यमों के सिफारिशों पर आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (ओईसीडी) के दिशा-निर्देशों द्वारा निर्देशित होता है। वेस्टास सभी लागू राष्ट्रीय और स्थानीय कानूनों, नियमों और विनियमों का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध है, और हमारे आपूर्तिकर्ताओं को भी ऐसा ही करना चाहिए। जब स्थानीय कानून और विनियम निम्न मानक निर्धारित करते हैं लेकिन स्थानीय कानूनों और विनियमों से अधिक अंतरराष्ट्रीय मानकों को लागू करने पर रोक नहीं लगाते हैं, तो हमारे आपूर्तिकर्ताओं को अंतरराष्ट्रीय मानकों को लागू करना चाहिए।

आपूर्तिकर्ता चयन प्रक्रिया के हिस्से के रूप में, वेस्टास संभावित जोखिमों की पहचान और प्रबंधन करने के लिए अपने आपूर्तिकर्ताओं के बारे में उचित जाँच करता है। हम उम्मीद करते हैं कि हमारे आपूर्तिकर्ता एक प्रमुख साझेदार के रूप में अपने स्वयं के संचालन और आपूर्ति श्रृंखला और स्थानीय समुदायों में जहाँ वे काम करते हैं, प्रतिकूल मानवाधिकार प्रभाव पैदा करने या उसमें योगदान करने से बचेंगे। हम आपूर्तिकर्ताओं को समावेशी और सम्मानजनक कार्य स्थल बनाए रखने, उनकी आपूर्ति श्रृंखला में जोखिम को सक्रिय रूप से प्रबंधित करने और प्रभावित सभी हितधारकों के मानवाधिकारों को ध्यान में रखते हुए महिलाओं, प्रवासियों, मूल निवासियों और कमजोर समूहों पर विशेष ध्यान देने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

**अनुपालन**

हमारे आपूर्तिकर्ताओं को सभी लागू कानूनों, नियामक आवश्यकताओं और वेस्टास की संविदात्मक आवश्यकताओं और नीतियों के अलावा, इस आपूर्तिकर्ता संहिता का पालन करना चाहिए। यदि इस आपूर्तिकर्ता संहिता की शर्तों और राष्ट्रीय कानूनों के बीच कोई विसंगति या विरोध है, तो आपूर्तिकर्ताओं से अपेक्षा की जाती है कि वे सबसे कड़े मानक का पालन करें और यदि वे अनुपालन नहीं कर सकते हैं तो वेस्टास को तुरंत सूचित करें।

हम उम्मीद करते हैं कि हमारे आपूर्तिकर्ता इस आपूर्तिकर्ता संहिता में शामिल सभी क्षेत्रों में निरंतर सुधार के लिए प्रतिबद्ध होंगे। हम मानते हैं कि हमारे आपूर्तिकर्ता विभिन्न परिपक्वता स्तरों पर हो सकते हैं, लेकिन हम सभी आपूर्तिकर्ताओं से निरंतर प्रगति प्रदर्शित करने की अपेक्षा करते हैं।



Classification: Confidential

इस आपूर्तिकर्ता संहिता के अनुपालन के भाग के रूप में, हम यह भी अपेक्षा करते हैं कि हमारे आपूर्तिकर्ता उपयुक्त लिखित प्रमाण बनाए रखें और अनुरोध पर इन लिखित प्रमाणों को उपलब्ध कराएँ। और हम अपने आपूर्तिकर्ताओं के अनुपालन गतिविधियों और प्रदर्शन की निगरानी और ऑडिट करने का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखते हैं। जोखिम मानदंड के आधार पर, हम अतिरिक्त मूल्यांकन के लिए आपूर्तिकर्ताओं का चयन करते हैं जिसमें आचार संहिता का ऑडिट करना शामिल हो सकता है। यदि हमें पता चलता है या यथोचित संदेह है कि आपूर्तिकर्ता इस आपूर्तिकर्ता संहिता का अनुपालन नहीं कर रहे हैं, तो हम ऑडिट करने का निर्णय भी ले सकते हैं। हमारी प्रोक्योरमेंट टीम इस प्रक्रिया का नेतृत्व करती है और ऑडिट की आवश्यकता होने पर आपका संपर्क बिंदु होगी।

यदि आपूर्तिकर्ता हमारी अपेक्षाओं को पूरा नहीं कर रहे हैं, तो हम सुधारात्मक कार्य योजना पर सहमत होने के लिए आपूर्तिकर्ता के साथ मिलकर काम करेंगे। यदि कोई आपूर्तिकर्ता, आपूर्तिकर्ता संहिता का उल्लंघन करता है, या आपूर्तिकर्ता उचित समय सीमा के भीतर गैर-अनुपालन को ठीक करने में विफल रहता है, तो हम व्यावसायिक संबंध को निलंबित या समाप्त करने पर विचार करेंगे।

**प्रबंधन प्रणाली**

हम उम्मीद करते हैं कि हमारे आपूर्तिकर्ताओं के पास इस आपूर्तिकर्ता संहिता का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त प्रबंधन प्रणालियाँ होंगी। हमारे आपूर्तिकर्ता अपनी आपूर्ति श्रृंखला में मानवाधिकारों, पर्यावरण और व्यावसायिक नैतिकता से संबंधित संभावित जोखिमों की पहचान करने और उनका प्रबंधन करने के लिए उचित जाँच करने के लिए जिम्मेदार हैं। इसमें उपयुक्त नीतियाँ, जिम्मेदार आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन प्रणाली और आपूर्तिकर्ता के आकार के अनुपात में शिकायत निवारण तंत्र और कारोबारी माहौल की जटिलता और जोखिम शामिल है। इस आपूर्तिकर्ता संहिता के लिए, हम बहुराष्ट्रीय उद्यमों के लिए ओईसीडी दिशानिर्देशों में निर्धारित 'उचित जाँच' और 'प्रबंधन प्रणाली' की परिभाषाओं का पालन करते हैं।

**किसी चिंता को कैसे व्यक्त करें**

हम उम्मीद करते हैं कि हमारे आपूर्तिकर्ताओं के पास एक रिपोर्टिंग प्रणाली होगी ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कर्मचारी गोपनीय रूप से और प्रतिशोध के डर के बिना चिंता को व्यक्त कर सकें। सभी रिपोर्टों की निष्पक्ष और समयबद्ध तरीके से जाँच की जानी चाहिए। आपूर्तिकर्ता और उनके कर्मचारियों को भी हमारे वैश्विक व्हिसलब्लोअर सिस्टम, एथिक्सलाइन का उपयोग करने के लिए दृढ़ता से प्रोत्साहित किया जाता है, ताकि वे अपने कर्मचारियों और/या वेस्टास कर्मचारियों के बीच दुर्व्यवहार का संदेह होने पर रिपोर्ट तैयार कर सकें। एथिक्सलाइन को सभी रिपोर्ट गोपनीय रूप से की जा सकती है; उन्हें त्वरित और पेशेवर तरीके से संभाला जाएगा और उनके साथ गोपनीय तरीके से व्यवहार किया जाएगा। एथिक्सलाइन को http://vestas.whistlelowernetwork.net पर देखा जा सकता है। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि वेस्टास प्रतिशोध को बर्दाश्त नहीं करता है और उम्मीद करता है कि अच्छी नीयत से कदाचार के संदिग्ध या ज्ञात मामलों की रिपोर्ट करने वालों के विरूद्ध कोई भी आपूर्तिकर्ता कोई भी जवाबी कार्रवाई नहीं करेगा।



Classification: Confidential

## श्रम अधिकार

### स्वास्थ्य और सुरक्षा

**वेस्टास की उम्मीदें**

वेस्टास में हम अपनी पूरी आपूर्ति श्रृंखला में स्वास्थ्य और सुरक्षा मानकों में सुधार के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारे अनुबंधों में हम स्पष्ट रूप से न्यूनतम स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण (एचएसई) लक्ष्यों और आवश्यकताओं का वर्णन करते हैं जो हमारे आपूर्तिकर्ताओं को वेस्टास की ओर से काम करते समय पूरा करना चाहिए। इन न्यूनतम एचएसई आवश्यकताओं को निम्नलिखित संसाधनों में स्पष्ट रूप से संप्रेषित किया गया है:

- वैश्विक न्यूनतम ठेकेदार/उपठेकेदार एचएसई आवश्यकताएँ।
- वेस्टास व्यावसायिक स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण (ओएचएसई) मैनुअल।

व्यावसायिक लक्ष्यों को पूरा करने के लिए आपूर्तिकर्ताओं को कभी भी सुरक्षा से समझौता नहीं करना चाहिए या आसान तरीका अपनाने के लिए दबाव नहीं महसूस करना चाहिए। जब पर्यवेक्षित ठेकेदार को चोटें लगती हैं, तो हम उन्हें रिकॉर्ड करते हैं और दोबारा होने की संभावना को कम करने के लिए उसकी जाँच करते हैं।

**वेस्टास के आपूर्तिकर्ताओं के लिए इसका क्या अर्थ है?**

- एक सुरक्षित और स्वस्थ कार्यस्थल प्रदान करना। सभी कर्मचारियों को अनिवार्य स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रशिक्षण और अपने कार्यों को सुरक्षित रूप से करने के लिए आवश्यक व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (पीपीई) दिया जाना चाहिए। इस तरह का प्रशिक्षण, और पीपीई का प्रावधान और रखरखाव, बिना कर्मचारी के खर्च पे होना चाहिए।
- नीतियों, जोखिम मूल्यांकन, घटना निगरानी प्रणाली और सुरक्षा समितियों सहित एक मजबूत सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली लागू करें।
- विशिष्ट कार्य गतिविधियों, स्थानों और परिस्थितियों के लिए सर्वोत्तम संभव आपातकालीन तैयारी उपायों को विकसित करें।
- उपयुक्त प्राथमिक चिकित्सा व्यवस्था, चिकित्सा सहायता सुविधाएँ और संसाधन प्रदान करें।
- सुनिश्चित करें कि कर्मचारी ड्रग्स या शराब के प्रभाव में नहीं हैं।
- जहाँ ऑनसाइट आवास प्रदान किया जाता है, वह उपयुक्त और सुरक्षित होना चाहिए, साथ ही लिंग और सांस्कृतिक अंतरों को पूरा करने और निजता और भलाई को ध्यान में रखने वाला भी होना चाहिए। रहने की स्थिति को स्थानीय और राष्ट्रीय कानूनों, उद्योग मानकों और किसी भी प्रासंगिक सामूहिक लेनदेन समझौते, जहाँ लागू हो, का पालन करने वाला होना चाहिए।
- गैर-पर्यवेक्षित ठेकेदारों के लिए, सभी चोटों को दर्ज किया जाना चाहिए और इसकी जाँच ठेकेदार द्वारा की जानी चाहिए।

## श्रम अधिकार

### आधुनिक दासता

**वेस्टास की उम्मीदें**

वेस्टास किसी भी परिस्थिति में, अपने वैश्विक व्यापार में आधुनिक दासता या मानव तस्करी के उपयोग की अनुमति नहीं देता है। इसलिए, हम उम्मीद करते हैं कि हमारे आपूर्तिकर्ता अपनी आपूर्ति श्रृंखला के भीतर इन श्रम अधिकारों के उल्लंघन को रोकने के लिए सतत और उचित कदम उठाएँगे।

आधुनिक दासता कोई भी कार्य या सेवा है जो किसी व्यक्ति से दंड की धमकी के तहत प्राप्त की जाती है, और जिसके लिए उस व्यक्ति ने स्वेच्छा से कोई पेशकश नहीं किया है। आधुनिक दासता कई अलग-अलग रूपों में आ सकती है, उदाहरण के लिए गुलामी, दासता निहित काम, जबरन या अनिवार्य श्रम, जबरदस्ती और झांसे से की गई भर्ती, ऋण बंधन और मानव तस्करी। अनिवार्य ओवरटाइम जैसे कार्य प्रथाओं को भी आधुनिक

दासता माना जा सकता है।

**वेस्टास के आपूर्तिकर्ताओं के लिए इसका क्या अर्थ है?**

- किसी भी रूप में आधुनिक दासता या मानव तस्करी का उपयोग नहीं करें या उससे लाभ नहीं उठाएँ। सभी श्रम स्वैच्छिक होना चाहिए।
- सुनिश्चित करें कि सभी कर्मचारियों को उनके रोजगार के दौरान आवाजाही की स्वतंत्रता है और उन्हें अनुबंध को हर समय समाप्त करने का अधिकार है, बशर्ते वे उचित नोटिस दें (यदि लागू हो)।
- मजदूरी, पहचान पत्र, यात्रा दस्तावेज, या अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों को नहीं रोकें जो किसी कर्मचारी को अपना रोजगार समाप्त करने या स्वतंत्र रूप से आवाजाही करने से रोक सकते हैं।
- कर्मचारियों से भर्ती शुल्क नहीं लें या सुरक्षा जमा को आवश्यक नहीं करें। सुनिश्चित करें कि किसी भी कर्मचारी से पूर्ण या आंशिक रूप से कोई रोजगार शुल्क या लागत नहीं लिया जाता है।
- यदि भर्ती या रोजगार सेवाएं प्रदान करने के लिए एक ठेकेदार का उपयोग कर रहे हैं, तो यह सुनिश्चित करने के लिए उचित जाँच करें कि वे किसी भी प्रकार की आधुनिक दासता में संलग्न नहीं हों।

## बाल श्रम और किशोर कार्य

**वेस्टास की उम्मीद**

परिभाषा के अनुसार, एक बच्चा 18 वर्ष से कम आयु का एक इंसान है, जबकि किशोर 15 से 18 वर्ष की आयु के बच्चे हैं। बाल श्रम वह कार्य है जो बच्चों के लिए मानसिक, शारीरिक, सामाजिक या नैतिक रूप से खतरनाक और हानिकारक है, और/या उनकी स्कूली शिक्षा में हस्तक्षेप करता है।

वेस्टास में हम किसी भी परिस्थिति में अपने व्यवसाय में बाल श्रम के उपयोग की अनुमति नहीं देते हैं; कर्मचारियों की आयु कम से कम 15 वर्ष होनी चाहिए, या जिस उम्र में अनिवार्य स्कूली शिक्षा पूरी की जाती है - जो भी अधिक हो। किशोर श्रमिकों के लिए, यह सुनिश्चित करने के लिए स्पष्ट प्रावधान होना चाहिए कि वे केवल हल्के काम में लगे हैं, अत्यधिक घंटे काम नहीं करते हैं या रात में काम नहीं करते हैं, और किसी भी खतरनाक काम में शामिल नहीं हैं। खतरनाक कार्य, अपनी प्रकृति या जिन परिस्थितियों में इसे किया जाता है, ऐसा कोई भी कार्य है जिसके युवा व्यक्तियों के स्वास्थ्य, सुरक्षा या मनोबल को खतरे में डालने की संभावना है।

**वेस्टास के आपूर्तिकर्ताओं के लिए इसका क्या अर्थ है?**

- अपने स्वयं के संचालन या अपनी आपूर्ति श्रृंखला में बाल श्रम का उपयोग न करें या बाल श्रम के उपयोग से लाभान्वित नहीं हों।
- यदि किशोर कामगारों को नियोजित किया जाता है, तो यह सुनिश्चित करने के लिए स्पष्ट किशोर श्रम प्रावधान करें कि किशोर कामगार केवल हल्के कार्य में लगे हों, अत्यधिक घंटे या रात में काम नहीं करते हैं और किसी खतरनाक कार्य में शामिल नहीं हैं।
- आधिकारिक पहचान के माध्यम से नए कर्मचारियों की जन्म तिथियों को सत्यापित करें और व्यक्तिगत फाइलों में इस जानकारी को दर्ज करें। यदि आधिकारिक पहचान देखना संभव नहीं है, तो वैकल्पिक आयु सत्यापन प्रणालियों का उपयोग करें।
- यदि आप अपने संचालन या आपूर्ति श्रृंखला में बाल श्रम पाते हैं, तो इसमें शामिल बच्चे के सर्वोत्तम हितों की गारंटी देने वाली एक उपचारात्मक प्रक्रिया स्थापित करें।



Classification: Confidential

## कार्य करने की स्थितियाँ

**वेस्टास की उम्मीदें**

वेस्टास काम के घंटों, आराम की अवधि, मुआवजे और लाभों (छुट्टी सहित) के संबंध में लागू कानूनों, उद्योग मानकों और प्रासंगिक सामूहिक समझौतों का पालन करता है। और हम उम्मीद करते हैं कि हमारे आपूर्तिकर्ता भी ऐसा ही करेंगे। यदि स्थानीय, राष्ट्रीय और वेस्टास के मानकों के बीच अंतर है, तो उच्च मानकों का पालन किया जाएगा।

**वेस्टास के आपूर्तिकर्ताओं के लिए इसका क्या अर्थ है?**

- मजदूरी का भुगतान करें, जो न्यूनतम के रूप में, प्रासंगिक राष्ट्रीय वैधानिक न्यूनतम मजदूरी को पूरा करता है। जहाँ कोई वैधानिक न्यूनतम नहीं है, आपको संचालन के देश में व्यापार या उद्योग मानकों या सामूहिक लेनदेन समझौतों को पूरा करना होगा। यदि कोई स्थापित दर या शर्तें लागू नहीं होती हैं, तो आपको मजदूरी की दरों पर भुगतान करना होगा और उन शर्तों का पालन करना होगा जो तुलनीय नियोक्ताओं द्वारा स्थानीय स्तर पर देखे गए सामान्य स्तरों से कम नहीं हैं।
- सुनिश्चित करें कि काम के घंटे कानून द्वारा निर्धारित सीमाओं के भीतर या लागू सामूहिक समझौतों के अनुसार हैं।
- सुनिश्चित करें कि कर्मचारियों को कानून के अनुसार आराम करने के लिए विश्राम समय दिया जाता है, और हर लगातार छह दिन की कार्य अवधि के बाद कम से एक दिन की छुट्टी दी जाती है।
- राष्ट्रीय या स्थानीय कानूनी आवश्यकताओं के रूप में मिलने वाले न्यूनतम सामाजिक लाभ प्रदान करें। जहाँ कोई कानूनी आवश्यकता नहीं है, वहाँ लाभ उद्योग मानकों या लागू सामूहिक समझौतों के अनुसार होना चाहिए ।
- कर्मचारियों को एक वेतन विवरण प्रदान करें जो वेतन अवधि के दौरान काम किए गए घंटों को निर्दिष्ट करता है। विवरण को लागू कानूनों के अनुसार होना चाहिए और मुआवजे की दर ऐसी भाषा में होनी चाहिए जिसे सभी कर्मचारी समझ सकें।
- सुनिश्चित करें कि कर्मचारियों के पास उचित वीजा, वर्क परमिट और अन्य दस्तावेज हैं जो वेस्टास के लिए अपना काम करने के लिए आवश्यक हैं।

## संगठन बनाने और सामूहिक लेनदेन की स्वतंत्रता

**वेस्टास की उम्मीद**

वेस्टास रचनात्मक संवाद का समर्थन करता है और स्वतंत्र रूप से संबद्ध होने और सामूहिक लेनदेन के लिए कर्मचारियों के अधिकारों का सम्मान करता है । संगठन की स्वतंत्रता का अर्थ सभी नियोक्ताओं और कर्मचारियों के अधिकार का सम्मान करना और स्वतंत्र रूप से और स्वेच्छा से अपने व्यावसायिक हितों को बढ़ावा देने और उनकी रक्षा के लिए समूहों में शामिल होना है। सामूहिक लेनदेन एक स्वैच्छिक प्रक्रिया या गतिविधि को संदर्भित करती है जिसके माध्यम से नियोक्ता और कर्मचारी अपने कामकाजी संबंधों, विशेष रूप से काम के नियमों और शर्तों पर चर्चा और लेनदेन करते हैं।

**वेस्टास के आपूर्तिकर्ताओं के लिए इसका क्या अर्थ है?**

- ट्रेड यूनियन बनाने और उसमें शामिल होने (या शामिल न होने), स्वतंत्र रूप से अपने प्रतिनिधियों का चुनाव करने और सामूहिक लेनदेन करने के सभी कर्मचारियों के अधिकार का सम्मान करें। आपको इस अधिकार में हस्तक्षेप या इसे प्रतिबंधित नहीं करना चाहिए । कर्मचारियों को ट्रेड यूनियन बनाने या उसमें शामिल होने या सामूहिक लेनदेन में भाग लेने पर धमकी या प्रतिशोध (भेदभाव सहित) से डरना नहीं चाहिए।
- काम से संबंधित चिंताओं को व्यक्त करने और प्रबंधन के साथ चर्चा करने के लिए कर्मचारियों के साथ संवाद और सहयोग को बढ़ावा दें।
- कर्मचारी प्रतिनिधियों के साथ नेक नीयत के साथ लेनदेन करें।

## भेदभाव

**वेस्टास की उम्मीद**
वेस्टास में, हम भेदभाव से मुक्त एक विविध और समावेशी कार्यस्थल के लिए प्रतिबद्ध हैं और हम उम्मीद करते हैं कि हमारे आपूर्तिकर्ता इसके लिए प्रतिबद्ध हों।

भेदभाव कई रूप लेता है; यह कर्मचारी की विशेषताओं के आधार पर अनुचित व्यवहार हो सकता है, जिसमें कर्मचारी की जाति, लिंग, लिंग पहचान, यौन रूझान, आयु, भाषा, धर्म या विकलांगता शामिल है, लेकिन यह इतने तक सीमित नहीं है। भेदभाव एक घटना के रूप में या समय के साथ कई घटनाओं के रूप में हो सकता है। इसे एक कर्मचारी या कर्मचारियों के समूह के तरफ भी निर्देशित किया जा सकता है। कुछ न्याय क्षेत्राधिकार में भेदभाव अवैध है और इसके परिणामस्वरूप महत्वपूर्ण जुर्माना, प्रतिष्ठा क्षति, और यहाँ तक कि कारावास भी हो सकता है।

हम मानते हैं कि विविधता और समावेश हमारी सफलता के लिए महत्वपूर्ण हैं, और हम समान व्यवहार के अधिकार और अवसरों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम अपने सभी आपूर्तिकर्ताओं को समान विविधता और समावेशन पहल को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

**वेस्टास के आपूर्तिकर्ताओं के लिए इसका क्या अर्थ है?**

- सभी व्यक्तियों के साथ समान रूप से और गरिमा और सम्मान से व्यवहार करें।
- पदोन्नति या अनुशासनात्मक कार्रवाइयों से संबंधित निर्णय लेने में और काम पर रखने या रोजगार के फैसले में भेदभाव न करें। इस तरह का निर्णय शैक्षिक पात्रता, योग्यता और अनुभव पर आधारित होना चाहिए।

## उत्पीड़न

**वेस्टास की उम्मीद**
वेस्टास कार्यस्थल पर उत्पीड़न, हिंसा, धमकाने और किसी भी अन्य व्यवहार को प्रतिबंधित करता है जिसे अपमानजनक, आक्रामक या नीचे दिखाने वाला माना जाता है, भले ही यह मौखिक या लिखित, शारीरिक या मनोवैज्ञानिक तरीके से किया गया हो। उत्पीड़न का तात्पर्य अस्वीकार्य व्यवहारों और प्रथाओं की एक श्रृंखला से हो सकता है जिसका परिणाम जानबूझकर या अन्यथा - शारीरिक, मनोवैज्ञानिक, यौन या आर्थिक नुकसान में होता है। यह एक ही घटना के रूप में या समय के साथ कई घटनाओं के रूप में हो सकता है। यह कार्यस्थल पर और कार्यस्थल के बाहर, दोनों जगह हो सकता है। कुछ न्याय क्षेत्राधिकारों में उत्पीड़न गैरकानूनी है और इसके परिणामस्वरूप महत्वपूर्ण जुर्माना, प्रतिष्ठा क्षति और यहां तक कि कारावास भी हो सकता है।

**वेस्टास के आपूर्तिकर्ताओं के लिए इसका क्या अर्थ है?**

- **उत्पीड़न, हिंसा और छेड़छाड़ से मुक्त कार्य वातावरण को बढ़ावा देना।**
- उत्पीड़न को रोकने के लिए नीति बनाना और सुनिश्चित करना कि कर्मचारियों और प्रबंधकों को पर्याप्त रूप से प्रशिक्षित किया गया है।
- सुनिश्चित करना कि कर्मचारियों के पास चिंताओं को व्यक्त करने के लिए एक रिपोर्टिंग सिस्टम उपलब्ध है।

## समुदायों के साथ जुड़ाव

**वेस्टास की उम्मीदें**

वेस्टास में, हम मानते हैं कि संभावित रूप से प्रभावित स्थानीय समुदायों के साथ सक्रिय रूप से और सम्मानजनक तरीके से जुड़ना महत्वपूर्ण है। इस तरह, हमारा लक्ष्य स्थानीय समुदाय की चिंताओं को समझना और परियोजना की स्वीकृति प्राप्त करना है।

सामुदायिक जुड़ाव सभी पक्षों की जिम्मेदारी है, जिसमें वेस्टास के आपूर्तिकर्ता भी शामिल हैं। वेस्टास हमारे संचालन और परियोजनाओं के संबंध में - मूल निवासी लोगों सहित - स्थानीय समुदायों के अधिकारों और हितों का सम्मान करने के लिए प्रतिबद्ध है। जब स्थानीय लोग संभावित रूप से हमारी गतिविधियों से प्रभावित होते हैं, तो हम प्रासंगिक अंतरराष्ट्रीय मानकों, जैसे अंतर्राष्ट्रीय वित्त निगम (आईएफसी) प्रदर्शन मानकों द्वारा निर्देशित होते हैं।

**वेस्टास के आपूर्तिकर्ताओं के लिए इसका क्या अर्थ है?**

- स्थानीय समुदायों के मानवाधिकारों पर नकारात्मक प्रभाव डालने या योगदान करने से बचें।
- स्थानीय समुदायों, विशेष रूप से मूल निवासी समुदायों (जहाँ प्रासंगिक हो) के साथ समावेशी, न्यायसंगत, सांस्कृतिक रूप से उपयुक्त और लिंग-संवेदनशील तरीके से जुड़ें और उन्हें सुनें।
- समुदायों के विचारों के साथ सम्मानजनक व्यवहार करें और बिना भेदभाव के उन पर विचार करें ।
- समुदाय के सदस्यों या नागरिक समाज के हितधारकों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई बर्दाश्त नहीं करें जिन्होंने चिंताएँ व्यक्त की हैं ।
- समुदाय के सदस्यों की शिकायतों का जवाब देने के लिए एक पर्याप्त, सुलभ और विश्वसनीय कारगर शिकायत तंत्र स्थापित करें; और सुनिश्चित करें कि किसी भी शिकायत का समाधान किया जाता है।

## सुरक्षा कर्मियों का उपयोग

**वेस्टास की उम्मीदें**

वेस्टास निजी सुरक्षा सेवा प्रदाताओं के लिए 'अंतर्राष्ट्रीय आचार संहिता और सुरक्षा और मानवाधिकार पर स्वैच्छिक सिद्धांत' जैसे अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप इस सिद्धांत पर कार्य करता है कि बल प्रयोग का अधिकार मुख्य रूप से उन देशों की कानूनी रूप से गठित सरकारों के पास है जिनमें हम काम करते हैं। हालाँकि, कुछ राष्ट्रीय सरकारों के पास हमारे कर्मचारियों के स्वास्थ्य की पर्याप्त रूप से रक्षा करने के लिए और सुरक्षा देने के लिए पर्याप्त संसाधनों की कमी है। ऐसी परिस्थितियों में, सशस्त्र सुरक्षा गार्डों को नियुक्त करने की आवश्यकता हो सकती है।

**वेस्टास के आपूर्तिकर्ताओं के लिए इसका क्या अर्थ है?**

- सूचित करें और सशस्त्र सुरक्षा गार्डों के उपयोग के लिए वेस्टास से प्राधिकरण प्राप्त करें।
- यदि आप सशस्त्र सुरक्षा प्रदाताओं को अनुबंधित कर रहे हैं, तो आपको बल के उपयोग के लिए सुरक्षा योजनाओं और कंपनी के दिशानिर्देशों को लागू करना होगा। वेस्टास यह सुनिश्चित करने का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखता है कि ऐसी योजनाएँ और दिशानिर्देश वेस्टास द्वारा उपयोग किए जाने वाले मानक के समान हों।
- भले ही आप सशस्त्र सुरक्षा का उपयोग कर रहे हों या नहीं, आपको यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि सभी अनुबंधित सुरक्षा प्रदाता:
    - लागू कानूनों और अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार मानकों के अनुसार कर्मियों और संपत्ति की रक्षा के लिए कार्य करते हों।
    - कर्मचारियों और समुदायों को नुकसान पहुँचाने वाले किसी भी जोखिम से बचें।

## संघर्ष क्षेत्र के खनिज पदार्थ

**वेस्टास की उम्मीदें**

वेस्टास सीधे खनिजों या धातुओं का स्रोत नहीं है। हालाँकि, हम अपने आपूर्तिकर्ताओं से पुर्जे और घटकों को प्राप्त करते हैं जिनमें ओईसीडी द्वारा परिभाषित अनुसार संघर्ष-प्रभावित और उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों से उत्पन्न होने वाले खनिजों और धातुओं की थोड़ी मात्रा हो सकती है। संघर्ष-प्रभावित क्षेत्रों की विशेषता है कि वहाँ सशस्त्र संघर्ष, व्यापक हिंसा, या लोगों को नुकसान के अन्य जोखिम उपस्थिति होते हैं। उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों को राजनीतिक अस्थिरता और दमन और व्यापक हिंसा के क्षेत्रों द्वारा परिभाषित किया जा सकता है, लेकिन यह इतने तक सीमित नहीं है। ऐसे क्षेत्रों में, मानवाधिकारों का हनन और राष्ट्रीय या अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन अक्सर व्यापक रुप से होता है।

वेस्टास ओईसीडी के खनिजों की जिम्मेदार आपूर्ति श्रृंखलाओं के लिए उचित जाँच दिशानिर्देश का पालन करते हुए संघर्ष क्षेत्र वाले खनिजों पर स्वयं से उचित जाँच करता है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि हम मानवाधिकारों के हनन से जुड़े नहीं हैं। उचित जाँच में यह सत्यापित करना शामिल है कि हमारे आपूर्तिकर्ताओं के उत्पादों में उपयोग किए जाने वाले खनिज और धातु, जैसे टिन, टैंटलम, टंगस्टन और सोना, संघर्ष-प्रभावित या उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों से प्राप्त नहीं होते हैं। इस प्रक्रिया के भाग के रूप में, हम अपने आपूर्तिकर्ताओं पर निर्भर करते हैं कि वे उन खनिजों और धातुओं की उत्पत्ति और स्रोतों के बारे में जानकारी प्रदान करें जिनका वे उपयोग करते हैं।

**वेस्टास के आपूर्तिकर्ताओं के लिए इसका क्या अर्थ है?**

- खनिजों और धातुओं का स्रोत वहाँ नहीं करें जो चल रहे संघर्षों में योगदान करते हैं।
- अपनी आपूर्ति श्रृंखला में संघर्ष क्षेत्र के खनिजों और धातुओं के स्रोत और निगरानी की श्रृंखला पर उचित सावधानी बरतें।
- अनुरोध पर सभी दस्तावेज और सहायक साक्ष्य उपलब्ध कराएँ जो आपके उचित जाँच उपायों को प्रदर्शित करते हैं।



Classification: Confidential

## सत्यनिष्ठा के साथ काम करना

### रिश्वत और सुगमता के लिए भुगतान

**वेस्टास की उम्मीदें**

वेस्टास हमारे आपूर्तिकर्ताओं और हमारी ओर से कार्य करने वाले किसी भी व्यक्ति को रिश्वत देने या स्वीकार करने या सुगमता भुगतान करने से सख्ती से प्रतिबंधित करता है।

रिश्वत पैसा, उपहार, या मूल्य की कोई भी चीज है जो या तो व्यक्तिगत या व्यावसायिक लाभ के लिए किसी से अनुचित लाभ प्राप्त करने के लिए प्रभावित करने के लिए पेश की जाती है। रिश्वत अवैध है और हमारे ग्राहकों और आपूर्तिकर्ताओं के बीच हमारी प्रतिष्ठा को काफी नुकसान पहुँचा सकती है। वे अनुचित प्रतिस्पर्धा पैदा करके और धन असमानता को बढ़ाकर उन समुदायों को भी प्रभावित करते हैं जहाँ हम रहते हैं और काम करते हैं।

सुगमता भुगतान सरकारी अधिकारियों को कुछ प्रशासनिक प्रक्रिया को सुरक्षित करने या तेज करने के लिए छोटी रिश्वत है, जिसके लिए वेस्टास पहले से ही हकदार है। उदाहरणों में शामिल हैं आप्रवासन जाँच पास करना और मामूली मंजूरी या सीमा शुल्क मंजूरी देना। इस तरह के भुगतान हानिरहित लग सकते हैं, क्योंकि इसमें शामिल रकम आम तौर पर छोटी होती है और अक्सर इसे स्थानीय रिवाज या संस्कृति का हिस्सा माना जाता है। हालाँकि, सुविधा भुगतान सरकारों और सामाजिक सेवाओं के कुशल संचालन को कमजोर करते हैं, और इस तरह हानिरहित नहीं हैं।

**वेस्टास के आपूर्तिकर्ताओं के लिए इसका क्या अर्थ है?**

- यदि रिश्वत देने की पेशकश की जाती है या अनुरोध किया जाता है, तो आपको हमेशा मना करना चाहिए और इसकी रिपोर्ट एथिक्सलाइन को देनी चाहिए।
- वेस्टास की तरफ से सार्वजनिक अधिकारियों के साथ बातचीत करते समय, सभी प्रासंगिक स्थानीय कानूनों से खुद को परिचित करें।
- यदि आपसे सुविधा भुगतान करने का अनुरोध किया जाता है, तो आपको अनुरोध को अस्वीकार कर देना चाहिए और रसीद माँगकर इसकी वैधता को चुनौती देनी चाहिए। आपको भुगतान केवल तभी करना चाहिए जब आपको अपनी सुरक्षा का डर हो, लेकिन आपको घटना की रिपोर्ट एथिक्सलाइन को अवश्य करनी चाहिए।

### उपहार और आतिथ्य

**वेस्टास की उम्मीदें**

उपहार और आतिथ्य आभार व्यक्त करने और व्यावसायिक संबंध बनाने का एक सामान्य तरीका है। हालाँकि, वे बदले में एक एहसान की उम्मीद कर सकते हैं।

उपहार और आतिथ्य को कभी-कभी रिश्वतखोरी माना जा सकता है और इसमें वेस्टास और इसके आपूर्तिकर्ताओं को कानूनी और प्रतिष्ठा को जोखिम में डालने की क्षमता होती है। आपूर्तिकर्ताओं को सावधान रहने की जरूरत है, क्योंकि अनुचित उपहार और/या आतिथ्य सत्कार भी हमारे में ग्राहकों और आपूर्तिकर्ताओं के भरोसे को नुकसान पहुँचा सकता है।

**वेस्टास के आपूर्तिकर्ताओं के लिए इसका क्या अर्थ है?**

- वेस्टास के कर्मचारियों को दिया गया कोई भी उपहार या आतिथ्य कानूनी, उचित, सस्ता और विरल होना चाहिए।
- यदि आप वेस्टास के कर्मचारियों को आतिथ्य प्रदान कर रहे हैं, तो एक स्पष्ट व्यावसायिक उद्देश्य और लिंक होना चाहिए, उदाहरण के लिए एक बैठक के बाद एक सामान्य दोपहर का भोजन।

- व्यवसायिक जुड़ाव, निविदा प्रक्रिया, या अनुबंध नवीनीकरण के समय कभी भी उपहार या आतिथ्य प्रदान नहीं करें।
- लेन-देन को अनुचित रूप से प्रभावित करने के इरादे से कभी भी उपहार या आतिथ्य प्रदान नहीं करें।
- कभी भी नकद या नकद समकक्ष के रूप में उपहार न दें, जैसे उपहार कार्ड।

## हितों का टकराव

**वेस्टास की उम्मीदें**

हितों का टकराव तब हो सकता है जब आपूर्तिकर्ता के निजी हित वेस्टास के लिए काम करते समय उनके द्वारा लिए गए निर्णयों को प्रभावित करने की क्षमता रखते हैं। आपूर्तिकर्ताओं के लिए निष्पक्ष रूप से निर्णय लेना मुश्किल हो सकता है जब उनके दो विरोधी हित हों।

वेस्टास के लिए यह महत्वपूर्ण है कि व्यावसायिक गतिविधियाँ कंपनी के सर्वोत्तम हित में संचालित हों। हितों का टकराव एक असमान कार्य क्षेत्र (या उसकी धारणा) बना सकता है, और यदि प्रबंधित नहीं किया जाता है तो इसके भ्रष्टाचार में विकसित होने की क्षमता होती है।

संभावित हितों के टकराव के परिदृश्य में शामिल हैं:

- एक आपूर्तिकर्ता जिसका वेस्टास कर्मचारी के साथ घनिष्ठ संबंध है, जैसे कि कोई मित्र या परिवार का सदस्य।
- एक पूर्व वेस्टास कर्मचारी वेस्टास आपूर्तिकर्ता बन गया है।

**वेस्टास के आपूर्तिकर्ताओं के लिए इसका क्या अर्थ है?**

- हितों के टकराव से बचें और अच्छे निर्णय का प्रयोग करें।
- यदि आप हितों के टकराव का सामना कर रहे हैं, तो इसे खुले और पारदर्शी होकर प्रबंधित करें, और वेस्टास को स्थिति के बारे में बताएँ।



Classification: Confidential

## पर्यावरण का सम्मान

### पर्यावरण

**वेस्टास की उम्मीद**

वेस्टास पर्यावरणीय चुनौतियों के प्रति एहतियाती दृष्टिकोण का समर्थन करता है। हम अपनी गतिविधियों के पर्यावरणीय प्रदर्शन का मूल्यांकन करते हैं और अपने प्रदर्शन में लगातार सुधार करने और अधिक पर्यावरणीय जिम्मेदारी को बढ़ावा देने का प्रयास करते हैं।

हम उम्मीद करते हैं कि सभी आपूर्तिकर्ता इस क्षेत्र में हमारी प्रतिबद्धताओं को साझा करेंगे और उनका समर्थन करेंगे। सभी प्रासंगिक कानूनों और विनियमों के अलावा, आपूर्तिकर्ताओं को वेस्टास की पर्यावरणीय आवश्यकताओं का पालन करना चाहिए - भले ही हमारी आवश्यकताएँ स्थानीय कानूनों की तुलना में उच्च मानकों को निर्धारित करती हों।

**वेस्टास के आपूर्तिकर्ताओं के लिए इसका क्या अर्थ है?**

- वेस्टास द्वारा परिभाषित वेस्टास की सभी पर्यावरणीय आवश्यकताओं का पालन करें।
- सभी प्रासंगिक विधायी और नियामक आवश्यकताओं की पहचान करें और उन्हें पूरा करें।
- सभी लागू लाइसेंस, पंजीकरण और परमिट बनाए रखें।
- एक पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली के अनुसार काम करें - एक जो निरंतर सुधार प्रदान कर सकती है और आपातकालीन प्रतिक्रिया तैयारियों को सक्षम कर सकती है।
- ऊर्जा और पानी जैसे संसाधनों के कुशल उपयोग को सुनिश्चित करते हुए, अपनी गतिविधियों के पर्यावरणीय प्रदर्शन का मूल्यांकन करें। आपको कार्बन डाई ऑक्साइड के उत्सर्जन सहित अपशिष्ट के उत्सर्जन से भी बचना चाहिए या कम करना चाहिए और पुन: उपयोग और पुनःचक्रण के सिद्धांतों को अपनाना चाहिए।
- सुनिश्चित करें कि सभी खतरनाक पदार्थ वेस्टास साइट के लिए स्वीकृत हैं जहाँ आप काम कर रहे हैं (जहाँ प्रासंगिक हो)। उन्हें सुरक्षा डेटा शीट में शामिल सभी सूचनाओं के साथ लागू दिशानिर्देशों के अनुसार संग्रहीत, उपयोग और परिवहन किया जाना चाहिए। जहाँ संभव हो, खतरनाक पदार्थों को कम खतरनाक पदार्थों से प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए।
- अपने वेस्टास संपर्क को सभी पर्यावरणीय दुर्घटनाओं, बाल-बाल बचने और खतरों के अवलोकनों की रिपोर्ट करें; यह हमें आंतरिक रिपोर्टिंग नीतियों के अनुरूप इन मुद्दों से निपटने में सक्षम बनाएगा।



Classification: Confidential

## निष्पक्ष व्यापार व्यवहार

### बौद्धिक संपदा और गोपनीयता

**वेस्टास की उम्मीदें**

वेस्टास की बौद्धिक संपदा (आईपी) और गोपनीय जानकारी वेस्टास के लिए मूल्यवान और महत्वपूर्ण संपत्ति है। हम यह भी मानते हैं कि दूसरों से संबंधित बौद्धिक संपदा और गोपनीय जानकारी उनके लिए समान महत्व और मूल्य की है।

यदि हम अपनी आईपी संपत्तियों की रक्षा करने में विफल रहते हैं, तो व्यावसायिक अवसरों की हानि और प्रौद्योगिकी बहिष्करण जैसे वेस्टास के लिए महत्वपूर्ण प्रतिकूल वित्तीय, वाणिज्यिक और तकनीकी परिणाम हो सकते हैं। इसी तरह, दूसरों के आईपी का सम्मान करने में विफलता हमारे संगठन के लिए प्रमुख वित्तीय, वाणिज्यिक और प्रतिष्ठा के जोखिम का कारण बन सकती है। हमारे आपूर्तिकर्ता इस क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जो वेस्टास की गोपनीय जानकारी, दस्तावेजों, सॉफ्टवेयर, टूल्स और तकनीक को अनधिकृत उपयोग से सुरक्षित रखने में मदद करते हैं।

**वेस्टास के आपूर्तिकर्ताओं के लिए इसका क्या अर्थ है?**

- वेस्टास द्वारा और उसके लिए बनाई गई बौद्धिक संपदा और गोपनीय जानकारी का सावधानीपूर्वक और लगन से सम्मान और सुरक्षा करें।
- हमेशा दूसरों की बौद्धिक संपदा और गोपनीय जानकारी का सम्मान करें।

### सूचना सुरक्षा

**वेस्टास की उम्मीद**

सूचना वेस्टास में सबसे महत्वपूर्ण संपत्तियों में से एक है, जिसका अर्थ है कि इसकी रक्षा करना हमारे व्यवसाय के लिए महत्वपूर्ण है। हमारे आपूर्तिकर्ताओं को हमेशा सच्चाई से, समयबद्ध तरीके से कार्य करना चाहिए, और किसी भी साइबर सुरक्षा घटनाओं या खतरों पर वेस्टास को पूर्ण और सटीक जानकारी प्रदान करनी चाहिए।

एक सूचित और जिम्मेदार आपूर्तिकर्ता हमारी आपूर्ति श्रृंखला में डिजिटल खतरों के खिलाफ सबसे प्रभावी सुरक्षा उपायों में से एक है। हम केवल सुरक्षा उत्पादों या उपकरणों पर भरोसा नहीं कर सकते हैं; हमारे आपूर्तिकर्ताओं का अच्छा निर्णय हमारी जानकारी को सुरक्षित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

**वेस्टास के आपूर्तिकर्ताओं के लिए इसका क्या अर्थ है?**

- वेस्टास के सिस्टम और सूचना के प्रयोग के समय सभी सूचना सुरक्षा नियंत्रणों का सम्मान करें।
- बौद्धिक संपदा, और अन्य संवेदनशील व्यावसायिक जानकारी सहित वेस्टास की जानकारी को सुरक्षित रखें।

## डेटा की गोपनीयता

**वेस्टास की उम्मीद**

हमारे कर्मचारियों, ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं और अन्य व्यावसायिक भागीदारों के व्यक्तिगत डेटा की अखंडता की रक्षा करना वेस्टास के लिए महत्वपूर्ण है। हम प्रासंगिक डेटा सुरक्षा कानून के अनुपालन में व्यक्तिगत डेटा को व्यवस्थित और सुरक्षित तरीके से संसाधित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम उम्मीद करते हैं कि हमारे आपूर्तिकर्ता इस प्रतिबद्धता को साझा करेंगे।

इस क्षेत्र में हमारे प्रयासों का समर्थन करने के लिए, हमने डेटा गोपनीयता पर एक नीति अपनाई है जो वर्णन करती है कि वेस्टास व्यक्तिगत डेटा को कैसे संसाधित करता है और सभी व्यक्तिगत डेटा को व्यवस्थित और सुरक्षित तरीके से संसाधित करने के लिए हमने कैसे उपाय लागू किए हैं। यह नीति उन अनिवार्य सिद्धांतों को भी रेखांकित करती है जिन्हें हम व्यक्तिगत डेटा के संग्रह और प्रसंस्करण के लिए लागू करते हैं - वे सिद्धांत जिन्हें हम अपने आपूर्तिकर्ताओं से पालन करने की उम्मीद करते हैं।

**वेस्टास के आपूर्तिकर्ताओं के लिए इसका क्या अर्थ है?**

- व्यक्तिगत डेटा एकत्र और संसाधित करते समय वेस्टास के कर्मचारियों और आपूर्तिकर्ताओं के डेटा की गोपनीयता की रक्षा करें।
- व्यक्तिगत डेटा एकत्र, भंडारण, उपयोग, प्रसंस्करण और साझा करते समय सभी लागू डेटा गोपनीयता कानूनों का पालन करें।

## प्रतिस्पर्धा कानून

**वेस्टास की उम्मीदें**

वेस्टास अपने आपूर्तिकर्ताओं से स्वतंत्र और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा का सम्मान करने और सभी लागू प्रतिस्पर्धा कानूनों का पालन करने की अपेक्षा करता है। प्रतिस्पर्धा कानूनों का उल्लंघन करने से न केवल वेस्टास के लिए बल्कि हमारे आपूर्तिकर्ताओं के लिए भी गंभीर परिणाम हो सकते हैं। हमारे आपूर्तिकर्ताओं को कभी भी किसी भी अवैध मूल्य निर्धारण, अवैध बाजार साझाकरण में भाग नहीं लेना चाहिए, या वेस्टास के प्रति अपनी मजबूत स्थिति का दुरुपयोग नहीं करना चाहिए।

**वेस्टास के आपूर्तिकर्ताओं के लिए इसका क्या अर्थ है?**

- प्रतिस्पर्धियों, आपूर्तिकर्ताओं, ग्राहकों, या अन्य व्यावसायिक भागीदारों के साथ प्रतिस्पर्धा-विरोधी समझौतों में प्रवेश न करें या समेकित प्रथाओं में शामिल नहीं हों।
- बाजार में संभावित प्रभावी स्थिति का दुरुपयोग नहीं करें।

## निर्यात नियंत्रण और प्रतिबंध

**वेस्टास की उम्मीदें**

आर्थिक प्रतिबंध और निर्यात नियंत्रण कानून वेस्टास और हमारे आपूर्तिकर्ताओं को कुछ संस्थाओं, व्यक्तियों, विशिष्ट देशों और/या उनकी सरकारों के साथ काम करने से रोकते हैं। यह आवश्यक है कि वेस्टास लागू प्रतिबंध व्यवस्थाओं और निर्यात नियंत्रण कानूनों का पालन करने के लिए अपने आपूर्तिकर्ताओं पर भरोसा कर सके और वेस्टास द्वारा अनुपालन के लिए आवश्यक सभी जानकारी उसे प्रदान कर सके।

**वेस्टास के आपूर्तिकर्ताओं के लिए इसका क्या अर्थ है?**

- लागू प्रतिबंध व्यवस्थाओं और निर्यात नियंत्रण कानूनों की पहचान करें और उनका पालन करें।
- वेस्टास के सहयोग से प्रतिबंध व्यवस्थाओं और निर्यात नियंत्रण कानूनों से संबंधित जोखिमों की पहचान करें और उसका प्रबंधन करें।
- आपूर्तिकर्ताओं का चयन करते समय उचित सावधानी बरतें और प्रतिबंधित संस्थाओं और व्यक्तियों का उपयोग करने से बचें।



Classification: Confidential